# दिन भर कड़ी धूप और रात में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री

## दिन भर चलती रहीं ठंडी हवाएं, घने कोहरे से मिली राहत, तीन दिन से अधिकतम तापमान 22 डिग्री पर स्थिर



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, समूचे विंध्य क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, मकर संक्रांति के बाद ठंड से कुछ राहत की उम्मीद है. पिछले कई दिनो से न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री के बीच बना हुआ है. जबकि दिन का अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री पर स्थिर है. तेज धूप के बावजूद गलन भरी ठंड बनी हुई है.**

दरअसल ठंड हवाओ के कारण ठंड कम नही हो रही है. दिन भर पांच किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंड हवाएं चलती रही. दिन के मौसम में बदलाव देखने को मिला है. अभी सामान्य से नीचे तापमान चल रहा है लेकिन जिस तरह से धूप हो रही है अगर ठंड हवाएं न चले तो ठंड का असर कम होगा. लेकिन ठंड हवाओ के कारण दिन में गलन भरी ठंड बनी रहती है. इस बार नवम्बर से कड़ाके की ठंड शुरू हुई और अभी भी जारी है. इस माह के बाद भले ही दिन की ठंड से राहत मिल जाय लेकिन रात की ठंड फरवरी में भी रहेगी. इस समय कोहरे से राहत है पर शाम ढ़लने के बाद हल्का धुंध छा जाता और सुबह हल्का धुंध रहता है लेकिन घना कोहरा अभी नही पड़ रहा है. मौसम विभाग की माने तो तापमान 4 से 6 डिग्री के बीच में बना रहेगा. 26 जनवरी के बाद ठंड से राहत की उम्मीद है. बुधवार को न्यूनतम तापमान जहा 5 डिग्री रहा, वही गुरूवार को एक डिग्री का उछाल आया और 6 डिग्री न्यूनतम तापमान आका गया. इस बार कड़ाके की ठंड पड़ी पर ड़र था कि दलहनी फसलो में पाला लग सकता है पर फसले पाला से बच गई. लगभग ठंड की अब विदाई है 15 दिन की ठंड और बीच है. उत्तर भारत में बर्फबारी होने पर गलन भरी ठंड और बढ़ सकती है. वैसे फरवरी में ठंड का असर कम हो जाता है. जनवरी में कड़ाके की ठंड रहेगी. संभावना है कि माह के अंत तक बूंदाबांदी भी कही कही हो सकती है.

### मौसम विभाग ने मनाया स्थापना दिवस

रीवा एयरपोर्ट मौसम विज्ञान केन्द्र में 151 वीं मौसम विज्ञान विभाग का स्थापना दिवस मनाया गया और लोगो को जानकारी दी गई किस तरह से मौसम विज्ञान विभाग काम करता है. मौसम वैज्ञानिक द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक आपदा प्रबंधन और उनके प्रभाव को रोकने में भारत मौसम विज्ञान विभाग किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. मौसम विज्ञान सेवाएं हवाई परिचालन में मौसम की सटीकता का महत्व है. इसके साथ ही उपग्रहो के माध्यम से मौसम की निगरानी करना है. आने वाले मौसम का सटीक अनुमान लगाने की तकनीक आदि की जानकारी अंकुर मौर्य द्वारा दी गई. साथ ही उपकरणो के बारे में भी बताया गया कि किस तरह से उपकरण काम करते है. इसके साथ ही प्रभारी अधिकारी सुमित परौहा ने आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में विज्ञान के प्रति जागरूक रहने के लिये प्रेरित किया.



# बड़े बकायादारों से बिजली बिल वसूलने घर पहुंचे अधीक्षण यंत्री

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पहले निर्धारित राजस्व लक्ष्य को लेकर विद्युत विभाग सक्रिय हो गया है. कम वसूली को लेकर जहा अधिकारी मैदान में उतरे है वही समाधान योजना की जानकारी दी जा रही है.**

दो लाख से अधिक के बकायादारो से राशि वसूली को लेकर अधीक्षण यंत्री मिल रहे है और राशि जमा करने के लिये कहा जा रहा है. समाधान का बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जा रही है. वही अभी तक 155 खाता सीज किये जा चुके है. रीवा वृत्त के अंतर्गत 'समाधान योजना' हेतु सभी डिविजनों में सतत संघन संपर्क अभियान जारी है. अधीक्षण अभियंता बीके शुक्ला द्वारा सिरमौर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया. रीवा के अधीक्षण अभियंता बीके शुक्ला द्वारा पश्चिम संभाग के अंतर्गत सिरमौर वितरण केंद्र के ग्रामीण क्षेत्रों में दो लाख से ऊपर बकायदार वाले भुगतान से विद्युत उपभोक्ताओं से संपर्क कर बिजली बिल सरचार्ज माफी समाधान योजना के विषय में ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया गया हैं. साथ ही सभी डिविजनों की टीमों को फील्ड में समाधान योजना की प्रगति हेतु बड़े बकायदारों से सतत संपर्क एवं निर्देशित किया गया. जिन उपभोक्ताओं के समाधान का बिल नहीं जमा कर रहे हैं उनके विरुद्ध विद्युत डिसकनेक्शन एवं खाता नंबर सीज करने की भी लगातार कार्यवाही की जा रही है. अभी तक 155 खाता सीज किया जा चुके हैं.

बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार वसूली कार्यवाही अभियान जारी है.

# जिले में अब तक 4 लाख 12 हजार टन धान की हुई खरीद

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, जिले में धान खरीदी अपने अंतिम चरण पर है. 20 जनवरी तक खरीदी की जाएगी. अभी तक जिले में 4 लाख 12 हजार टन धान की खरीदी हुई है.**

तमाम अव्यवस्था के बीच धान की खरीदी चल रही है. अधिकांश किसानो के खाते में अभी तक पैसा नही आया और उठाव की गति भी बहुत धीमी है. जिसके कारण भुगतान प्रभावित हुआ है. जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है. जिले में 15 जनवरी तक 64289 किसानों से 4 लाख 12 हजार 897 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है. इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि कुल खरीदे गए धान में से 3 लाख 52 हजार 725 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है. कुल खरीदी में से 4 लाख 8 हजार 420 टन धान परिवहन के लिए तैयार है. अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 89 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं. किसानों को 978 करोड़ 16 लाख का भुगतान मंजूर किया गया है तथा 699 करोड़ 16 लाख रुपए का किसानों के बैंक खाते में भुगतान किया जा चुका है. धान का उपार्जन 20 जनवरी तक किया जाएगा.

# कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास होगा कल

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, मनरेगा के कानूनी अधिकार को समाप्त करने और इंदौर की घटना के विरोध में एक दिवसीय उपवास कांग्रेस करेगी.**

17 जनवरी को पुर्वान्ह 11:00 बजे सिरमौर चौराहा स्थित राजीव गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष जिला स्तरीय एक दिवसीय उपवास का वृहद आयोजन किया गया हैं. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीण, जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्ष/ब्लाक प्रभारीगण प्रदेश प्रतिनिधि, नगर निगम रीवा के समस्त पार्षदों से पहुंचने की अपील की है.

## संक्षिप्त

### श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष बने अखिलेश




**रीवा.** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दादा शलभ भदोरिया जी द्वारा जिला कमेटियों का पुनर्गठन करते हुए रीवा जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश त्रिपाठी व जिला महासचिव पद पर एक बार पुनः श्रीप्रकाश तोमर को प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद अली प्रदेश सहसंयोजक अनिल त्रिपाठी प्रदेश उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी संभागीय अध्यक्ष अखिलेश पांडे संभागीय महासचिव आदित्य सिंह जिला अध्यक्ष रहे देवेंद्र सिंह के सहमति से नियुक्त किया है. उक्त जिम्मेदारी मिलने पर अखिलेश त्रिपाठी ने प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश पदाधिकारी व वरिष्ठ पत्रकार साथियों का हृदय से आभार जताते हुए कहा की संगठन द्वारा जो जवाबदारी दी गई है उसका निर्वाहन ईमानदारी से करते हुए रीवा जिले में पत्रकारों को संगठन से जोड़कर उनके समस्याओं के निदान हेतु सतत संघर्ष किया जाएगा.

### शिक्षाविद जगदीश प्रसाद का निधन



**रीवा.** शिक्षाविद जगदीश प्रसाद मिश्रा रतन माला निवासी बरा कोठार 100 वर्ष की उम्र में उनका महाप्रयाण हो गया है. उन्होने 13 जनवरी को अपने ग्रह ग्राम में अंतिम सांस ली. वह एक उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में कई विद्यालय में अपनी सेवाएं दी तथा सफल शिक्षक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया उन्होंने अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री परिवार छोड़ गए सरोज कुमार मिश्रा माला मनोज कुमार मिश्रा मनी गुरु मीरा शुक्ला नाती राज मिश्रा है तथा पूरा क्षेत्र मैं शोक लहर है उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणाप्रद है. वह एक शिक्षक के रूप में अपना अद्वितीय स्थान अर्जित किए थे कई महत्वपूर्ण सम्मान से सम्मानित भी किया जा चुका है.

### कमिश्नर 20 को गूगल मीट से करेंगे समीक्षा

**रीवा.** कमिश्नर बीएस जामोद समाधान ऑनलाइन में लंबित आवेदन पत्रों के निराकरण की 20 जनवरी को समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक गूगल मीट के माध्यम से दोपहर एक बजे आरंभ होगी. बैठक में समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण बिन्दुवार तथा जिलेवार समीक्षा की जाएगी. कलेक्टर तथा जिला स्तरीय अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से इसमें शामिल होंगे. एजेण्डा बिन्दुओं से संबंधित संभागीय अधिकारी कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से बैठक में शामिल होंगे.

### भारत पर्व के लिए नोडल अधिकारी तैनात

**रीवा.** गणतंत्र दिवस की संध्या पर टाउनहाल रीवा में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम में जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा. भारत पर्व में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने भारत पर्व के आयोजन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है. कलेक्टर ने कहा है कि नोडल अधिकारी शासन के निर्देशों के अनुरूप भारत पर्व का आयोजन कराएं. भारत पर्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, समाजसेवी, लेखक, साहित्यकार, कलाकार एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित करें. संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तैनात सदस्यों के दल के ठहरने, भोजन आदि की समुचित व्यवस्था करें.

### संकल्प से समाधान अभियान में 197 आवेदन पत्र दर्ज

**रीवा.** आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है. जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है. अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं. इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 197 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं. विकासखण्ड जवा में 135, विकासखण्ड रीवा में 15, नगर निगम रीवा में 14, विकासखण्ड सिरमौर में 11, विकासखण्ड गंगेव में 10, विकासखण्ड त्योंथर में 3 तथा नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 9 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं. इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है.

# कलेक्टर ने ग्राम पंचायत दुआरी का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ग्राम पंचायत दुआरी का निरीक्षण किया. उन्होंने पंचायत परिसर में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्र भवन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए.**

उन्होंने पंचायत परिसर की अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सम्पूर्ण परिसर को व्यवस्थित कराएं. गंदगी न रहे सफाई पर ध्यान देने के निर्देश कलेक्टर ने दिये. कलेक्टर ने आयुष्मान केन्द्र के संचालन एवं चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति व इलाज सुविधा के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली. साथ ही शासन की चल रही योजनाओं की जानकारी भी दी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य की जो भी योजनाएं है उसके बारे में मरीजो को बताए. इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, सीईओ जनपद रीवा पूनम दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

# हितग्राहियों के खेत में पहुंचकर कलेक्टर ने किया संवाद

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, कलेक्टर ने एक बगिया माँ के नाम योजना के हितग्राही के खेत में जाकर फलोद्यान पौधारोपण का किया निरीक्षण, हितग्राहियों से संवाद किया.**



स्वसहायता समूह की महिला सदस्यों की स्वयं अथवा परिवार की एक एकड़ तक की भूमि में फलोद्यान विकास के उद्देश्य से एक बगिया माँ के नाम योजना संचालित है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा जनपद के बिहरा गावं में स्वसहायता समूह की सदस्यों सरस्वती साकेत एवं कमला साकेत के खेत में पहुंचकर फलोद्यान पौधारोपण का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि यह योजना सीमित संसाधन से आय ले रहे हितग्राहियों के लिए लाभप्रद है.

कलेक्टर ने हितग्राही से संवाद करते हुए फलोद्यान पौधारोपण के संबंध में जानकारी प्राप्त की. माया स्वसहायता समूह की सदस्य सरस्वती साकेत ने बताया कि आधा एकड़ जमीन में 50 आम के पेड़ लगाए गए हैं. जिनमें दशहरी, आम्रपाली तथा सुंदरजा आदि प्रजातियाँ शामिल हैं. उन्होंने बताया कि गेंहू की फसल के बगल में पौधे लगाए गए हैं. बड़े होने पर यह पौधे फल देंगे और जमीन में सब्जी एवं अन्य फसलों का उत्पादन मिलता रहेगा. जिला पंचायत सीईओ मौजूद रहे.

# महापौर ने मिहिर सेन तरण ताल एवं अटल पार्क का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने गुरुवार को मिहिर सेन तरण ताल एवं अटल पार्क का भ्रमण कर जायजा लिया.**



भ्रमण के दौरान महापौर ने मिहिर सेन तरण ताल परिसर में व्यवस्थाओं का समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने एवं निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. इसके साथ ही आवश्यक सुधार कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा. महापौर ने अटल पार्क में नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लाइटिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने, सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु हरियाली, पाथवे एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के निर्देश दिए. भ्रमण के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह एवं सहायक यंत्री एसके गर्ग, अभिनव चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

# शिव बारात ने रैली निकाल कर भगवान महामृत्युंजय को दिया आमंत्रण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, शिव बारात आयोजन एवं जनकल्याण समिति रीवा द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर स्थानीय पंचमठ आश्रम में 15 फरवरी को आयोजित शिव-पार्वती विवाह का आमंत्रण महामृत्युंजन भगवान किला रीवा में पहुँचकर पूजा-अर्चना के साथ दिया गया.**

मकर संक्राति के अवसर पर 14 जनवरी को सांयकाल 4.00 बजे बैण्ड बाजा एवं दुपहिया वाहनों के साथ शिव आव्हान रैली व्यंकट रोड रीवा स्थित रीवा मार्केट से निकाली गई जो कि खन्ना चौराहा, स्टेच्यू चौराहा, सिन्धी चौराहा, फोर्ट रोड़ होते हुए उपरहटी स्थित किला रीवा पहुँची जहां पर महामृत्युन्जय भगवान की पूजा अर्चना के साथ शिव बरात हेतु आमंत्रण पत्र प्रदान किया गया. समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, उपाध्यक्ष कमलेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे.

# केंद्रीय विद्यालय के छात्र ने मां के दुपट्टे से लगाई फांसी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, रीवा शहर के वार्ड क्रमांक 5 में रहने वाले सुलभ पुरवार के बेटे कान्हा पुरवार ने आत्मघाती कदम उठा लिया. कान्हा 7 वीं कक्षा का छात्र था और पास के स्कूल में पढ़ाई करता था.**

परिजनों के अनुसार कान्हा रोज की तरह स्कूल से घर लौटा था. घर पहुंचने के बाद उसने कपड़े बदले और छत पर चला गया. कुछ समय बाद वह नीचे कमरे में गया, जहां उसने मां के दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली. बताया गया कि वह प्रतिदिन कपड़े बदलने के बाद खाना खाने नीचे आता था, लेकिन काफी देर तक जब वह खाना खाने नहीं पहुंचा तो उसकी दादी उसे बुलाने कमरे में गई.

कमरे में पहुंचने पर दादी ने देखा कि कान्हा फांसी के फंदे से लटका हुआ है. इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गई. परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# कुर्की की कार्यवाही से डरकर 9 बड़े बकायादारों ने जमा की राशि

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, नगर निगम रीवा की राजस्व टीम द्वारा बड़े संपत्तिकर बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुर्की अभियान निरंतर जारी है.**



अंतिम सूचना के बावजूद बकाया राशि जमा न करने वाले बड़े करदाताओं के विरुद्ध निगम द्वारा मैदानी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की गई. वसूली अभियान को तेज करते हुए जोन क्रमांक-04 में 09 स्थानों पर नगर निगम की टीम कुर्की की कार्रवाई हेतु पहुँची, जहां कार्रवाई के दौरान सभी 09 बड़े बकायादारों द्वारा मौके पर ही बकाया संपत्तिकर राशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई. वसूली अभियान को तेज करते हुए जोन क्रमांक 04 में 09 स्थानों पर नगर निगम की टीम कुर्की की कार्यवाही हेतु पहुंची, जिसमें सभी बकायादारो द्वारा मौके पर राशि जमा की. जोन क्रमांक 04 में कुर्की की कार्यवाही के दौरान मिथिलेश प्रसाद तिवारी बकाया राशि 118752 रू., ठाकुरदास बकाया राशि 115488 रू., दिलीप कुमार बकाया राशि 55122रू., आनंदराम बकाया राशि 90378 रू., सत्यप्रकाश बकाया राशि 44335 रू, महेश गुप्ता बकाया राशि 57158 रू., नरेन्द्र सिंह बकाया राशि 64724 रू., उदयभान सिंह बकाया राशि 68927 रू., रघुराई यादव बकाया राशि 62919 रू. नगर निगम कोष में जमा कराया गया. इस दौरान उपायुक्त, सहायक आयुक्त मौजूद रहे.

# अस्पताल चौराहे में कार की टक्कर से दूसरी कार खंभे से टकराई

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, रीवा शहर के अस्पताल चौराहे में बीती देर रात दो कारों की भीषण टक्कर हुई. यहां एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से दूसरी कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे विद्युत पोल से जा टकराई है.**




टक्कर मारने वाली कार मौके से भाग खड़ी हुई है. घटना बुधवार की रात करीब 11:30 बजे शहर के बीच स्थित अस्पताल चौराहे के समीप हुई है. बताया जा रहा है कि भोपाल नंबर की होंडा सिटी कार सीधी की ओर से आ रही थी, तभी अस्पताल चौराहे की समीप एक ट्रक को ओवरटेक करते हुए निकली क्रेटा कार ने होंडा सिटी कार को टक्कर मारते हुए निकल गई, जिस दौरान होंडा सिटी कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकराई है.

टक्कर इतनी तेज थी कि दुर्घटनाग्रस्त हुई होंडा सिटी कार के एयरबैग तक खुल गए और कार सवार बाल बाल बच गए. कार मालिक द्वारा मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई.

# वार्डों में किया जा रहा वॉटर टेस्टिंग और लीकेज में सुधार

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 15 जनवरी, शहर में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वॉटर टेस्टिंग अभियान निरंतर रूप से संचालित किया जा रहा है.**

अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन शहर की उच्च स्तरीय जल टंकियों से पानी के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण किया जा रहा है. आज प्राप्त लैब टेस्ट रिपोर्ट भी संतोषजनक पाई गई. इसके साथ ही ऑन-फील्ड स्तर पर भी नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है.

जिसके लिए अमृत मित्रों के अतिरिक्त विशेष टीमों की तैनाती की गई है. आज वार्ड क्रमांक 02, 04, 08, 12, 26 पोखरी टोला, बाणसागर, 28, 36 एवं 42 बिछिया में ऑन-फील्ड वॉटर टेस्टिंग कराई गई.